News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-45
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

पढ़ना कभी भी बंद न करें,क्योंकी ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती...

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, गुरुवार, 23 मई 2024



**बिहार में चुनाव के बाद पहली हिंसा**

## जहां रोहिणी आचार्य पर बूथ क़ब्ज़े का आरोप लगा था वहां गोलीबारी, एक की मौत, दो घायल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार में चुनावी हिंसा का पहलाी घटना हो गयी है. छपरा में सोमवार को लालू-राबड़ी की बेटी रोहिणी आचार्या पर बूथ क़ब्ज़े का आरोप लगा था और जमकर हंगामा हुआ था, वहाँ मंगलवार की सुबह ताबड़तोड़ गोलियाँ चली. अंधाधुंध फ़ायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, वहाँ दो लोग गंभीर हालत में अस्पताल ले जाये गये हैं.

छपरा से मिल रही खबर के मुताबिक़ शहर के भिखारी ठाकुर चौक के पास बड़ा तेलपा में ये गोलीबारी हुई है. कल हुई घटना का बदला लेने के लिए गोलीबारी की गयी है. आज अगले सुबह वहाँ अंधाधुंध फ़ायरिंग की गयी. इसमें एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. दो अन्य लोगों को भी गोली लगी है, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

घटना की खबर मिलने के बाद सारण के डीएम और एसपी वहाँ पहुँचे है. बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है. पुलिस ने कहा है कि हमलावरों की पहचान और गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

बता दें कि सोमवार को पाँचवें चरण की वोटिंग के दौरान इसी मोहल्ले के बूथ संख्या 118 और 119 पर भारी हंगामा हुआ था. लोगों ने सारण लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी और लालू-राबड़ी की बेटी रोहिणी आचार्या पर बूथ क़ब्ज़ा का आरोप लगाया था. छपरा के बूथ संख्या 118 और 119 का है. छपरा शहर में भिखारी ठाकुर चौक के पास प्राथमिक विद्यालय बड़ा तेलपा में दो मतदान केंद्र बनाये गये थे. शाम चार बजे



रोहिणी आचार्या उस बूथ का दौरा करके गयी थीं. इसके करीब डेढ़ घंटे बाद वे फिर से शाम के साढ़े पांच बजे उसी बूथ पर पहुंच गयीं. रोहिणी आचार्या के साथ लालू परिवार के करीबी भोला यादव और दूसरे समर्थक भी थे.

**स्थानीय लोगों ने जनकर हंगामा किया था**

रोहिणी आचार्या को काफिले के साथ बूथ के अंदर जाते देख स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया था. लोगों को आरोप था कि रोहिणी आचार्या बूथ छापने आयी हैं. वे मतदान केंद्र के अंदर जाकर मतदाताओं से बदसलूकी कर रही हैं. उनके साथ आये असामाजिक तत्व वोटरों को भगा रहे हैं. स्थानीय लोग मतदान केंद्र पर पहुंच गये और बूथ नहीं छापने देंगे के नारे लगाने लगे थे. स्थानीय लोगों और रोहिणी आचार्या के बीच बहस भी हुई थी. बूथ पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों को खदेड़ना शुरू कर दिया. इसके बाद आक्रोश और बढ़ गया था.

**पुलिस सुरक्षा में निकलीं थी रोहिणी**

स्थानीय लोगों ने बूथ को घेर लिया था और नारेबाजी शुरू कर दी थी. लोगों ने रोड जाम भी कर दिया था. उस समय रोहिणी आचार्या बूथ के अंदर ही थीं. बाहर लोगों का आक्रोश बढ़ता देख वे वहां से निकलना चाह रही थीं लेकिन माहौल बेहद गर्म था. इसी दौरान रोहिणी आचार्या के साथ आये कुछ समर्थकों की स्थानीय लोगों से झड़प भी हुई. तभी पेट्रोलिंग पार्टी भी वहां पहुंची. पुलिसकर्मियों ने रोहिणी आचार्या की गाड़ी को घेर कर उन्हें बाहर निकाला.

**रोहिणी के निकलने के बाद लोगों का हंगामा होता रहा.**

लोगों का आरोप था कि रोहिणी आचार्या गुंडों के सहारे बूथ छापने की कोशिश कर रही थी. लोगों ने सड़क जाम कर जमकर नारेबाजी की. मामला बिगड़ते देख सारण के एसपी समेत दूसरे पुलिस अधिकारी मतदान केंद्र पर पहुंचे. एसपी की मौजूदगी में ईवीएम को सील कर वहां से निकाला गया.

सारण के एसपी गौरव मंगला ने मीडियो को बताया था कि उन दो बूथ पर सुरक्षित मतदान कराया गया है और वोटिंग की समय सीमा खत्म होने के बाद पोलिंग पार्टी वज्र गृह के लिए रवाना भी हो गई है . एसपी ने कहा था कि रोहिणी आचार्या पर बूथ छापने के आरोपों और दूसरे विवाद की जांच करायी जायेगी. जांच में जो निष्कर्ष निकल कर आयेगा, उसके मुताबिक कार्रवाई की जायेगी.

**रोहिणी ने छपरा में बूथ को डिस्टर्ब किया**

## लोगों को भड़काया, सम्राट चौधरी का आरोप

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की वोटिंग के दौरान सारण लोकसभा क्षेत्र में हुई हिंसा के बाद सियासत गरमा गई है। आरजेडी ने जहां इसके लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया है तो बीजेपी ने पूरी घटना को लेकर लालू परिवार पर निशाना साधा हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इस हिंसा को लेकर लालू एंड फैमिली को कटघरे में खड़ा किया है, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने आरोप लगाया कि रोहिणी आर्चार्य ने वोटिंग के दौरान मतदान प्रभावित करने की कोशिश की, सम्राट ने सवाल किया कि आप बूथ पर डिस्टर्ब करनेवाली कौन होती हैं, यदि आप उम्मीदवार हैं तो शांतिपूर्ण मतदान चलने देना चाहिए, सम्राट चौधरी ने ये भी कहा कि यदि कोई पुलिसवाला जो लालूजी का अंगरक्षक हो



या राबड़ी देवा का अंगरक्षक हो इसकी जांच होनी चाहिए और क्यों जाएगा कोई, इतने लोग, इतने पुलिसवाले कैसे घूम रहे हैं रोहिणी के साथ, ये जांच का विषय है।

## दरभंगा में फर्जी वोटर को छुड़ाने के लिए ग्रामीणों ने काटा बवाल

**जबरन थाने से निकालकर साथ ले गए**

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मधुबनी, मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान चार फर्जी मतदाता को हिरासत में लेकर जाले थाने को सुपुर्द कर दिया गया था। लेकिन 20 मई की देर शाम तक जब प्रशासन ने चारों फर्जी मतदाता को नहीं छोड़ा तो ग्रामीणों ने जाले थाने पर हंगामा कर पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों को जबरन छुड़ाकर अपने साथ ले गए। वहीं, इस पूरी घटना का वीडियो सामने आने पर प्रशानिक महकमा में हड़कंप मचा हुआ है। घटना के बाद दरभंगा के एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने कहा है कि इस मामले में 24 लोगों के विरुद्ध नामजद तथा 130 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कारवाई की जा रही है। दरअसल, 20 मई की रात करीब 10ः30 बजे 130 की संख्या में आए असामाजिक तत्वों ने जाले थाने पर हमला कर दिया।असामाजिक तत्वों ने पहले फर्जी वोट डालने के आरोप में गिरफ्तार किए गए एक युवक और तीन युवतियों को अभिलंब छोड़ने की मांग की, लेकिन जब पुलिस ने उसकी बात नहीं मानी तो वह हंगामा करने लगे।

## RJD उम्मीदवार के साथ फोटो खिंचवाना 4 शिक्षकों को पड़ा महंगा

**आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में FIR**

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

चम्पारन, बगहा में चुनाव आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में चार शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. डीपीओ के आदेश पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने पटखौली थाना को आवेदन दिया है जिसमें उल्लेखित किया गया है कि बगहा दो प्रखंड के चार शिक्षक वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र के राजद प्रत्याशी के साथ चुनाव प्रचार में देखे गए हैं. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र के राजद उम्मीदवार दीपक यादव के साथ पार्टी कार्यालय में तस्वीर खिंचवाना चार शिक्षकों को भारी पड़ गया है. चुनावी सभा और पार्टी के प्रचार प्रसार में भूमिका पाए जाने पर इन पर कार्रवाई हो सकती है. पटखौली थाना में प्राथमिकी संख्या 49/24 दर्ज कर इन शिक्षकों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले की जांच की जा रही है.जिला कार्यक्रम पदाधिकारी योगेश कुमार ने इसको लेकर बगहा दो प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र जारी किया है. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को जारी पत्र में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि चार




शिक्षकों ने वाल्मीकिनगर के प्रत्याशी के साथ फोटो सोशल मीडिया में डाला है.बगहा दो प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैकवालिया के शिक्षक संजय कुमार, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरा धीरौली के शिक्षक भोलानाथ यादव, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिश्रौली के शिक्षक राम विनोद पासवान और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांसगांव के शिक्षक सुनील कुमार पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है.

**स्कॉटलैंड की राजनीति में बिहार का जलवा**

## पार्लियामेंट्री कैंडिडेट बनाए गए मोतिहारी के लाल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

बिहार, साल 2024 भारत ही नहीं दुनिया भर के लिए चुनावी वर्ष है. स्कॉटलैंड में भी इस वर्ष पार्लियामेंट के चुनाव होने हैं. स्कॉटलैंड के सबसे बड़े शहर ग्लास्गो सिटी से मोतिहारी में जन्मे ध्रुव कुमार पार्लियामेंट्री सीट के उम्मीदवार बने हैं.ध्रुव यदि जीतते हैं तो स्कॉटलैंड की पार्लियामेंट में पहले भारतीय मूल के सांसद होंगे जिनका जन्म भारत में हुआ है. ध्रुव कुमार को स्कॉटलैंड की प्रमुख राजनीतिक दल अल्बा पार्टी ने ग्लास्गो सिटी से उम्मीदवार बनाया है. शुरुआती शिक्षा दसवीं तक स्थानीय नवोदय विद्यालय से हुई है. 2003 में दसवीं के बाद 12




की शिक्षा स्थान के लिए राजस्थान के कोटा शहर आ गए. 2005 में इंटरमीडिएट के बाद वह स्कॉटलैंड की यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस मोड में नामांकन कराए और फिर 2006 में स्कॉटलैंड आए उसके बाद से स्कॉटलैंड में ही बस गए.- ध्रुव कुमार, पार्लियामेंट्री कैंडिडेट, ग्लास्गो सिटी

उन्होंने बताया कि अभी के समय वह सिटी ऑफ़ ग्लास्गो कॉलेज में मरीन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में एचओडी हैं. बीते 8 साल से वह शैक्षणिक कार्य से जुड़े हुए हैं और इससे पहले 5 साल उन्होंने विभिन्न डिपार्टमेंट में इंजीनियरिंग क्षेत्र में काम किया है.

ध्रुव कुमार ने बताया कि उनका जन्म मोतिहारी के एक छोटे गांव छौड़ादानो में हुआ है. 5 नवंबर को पार्लियामेंट्री सीट के लिए चुनाव होना है और उन्हें अल्बा पार्टी की ओर से उम्मीदवार बनाया गया है. उन्होंने बताया कि अभी के समय वह कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं.

**शिवहर में सांसद मनोज झा ने नवनीत झा को पार्टी में बड़ी भूमिका निभाने का दिया संकेत**

## मनोज झा से समर्थकों ने 2025 में नवनीत कुमार झा को राजद की ओर से शिवहर से विधायक प्रत्याशी बनाने की मांग की

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

शिवहर, शिवहर लोकसभा क्षेत्र के शिवहर प्रखंड के मथुरापुर में बुधवार को ओमकार आनंद के आवास पर राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा पहुंचे, जहां आसपास के पहुंचे प्रमुख ब्राह्मणों ने एक स्वर में कहा नवनीत झा को 2025 में शिवहर से प्रत्याशी बनाए, हम लोग शिवहर आरजेडी प्रत्याशी रितु जायसवाल के साथ खड़े हैं। मौके पर अपने संबोधन में मनोज झा ने कहा कि आप सब शिवहर में ऐसे प्रत्याशी को चुने जिससे किसी को डर नहीं लगे और प्रत्याशी का खौफ भी नहीं रहे। उन्होंने कहा नवनीत झा को पार्टी की बड़ी भूमिका निभानी है, खुले आम मंच से तेजस्वी यादव जी ने भी पार्टी में नवनीत झा को बड़ी भूमिका देने का संकेत दे चुके हैं।

मौके पर एमएलसी डॉक्टर अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता नवनीत कुमार झा, पूर्व प्रत्याशी शैलेश कुमार , संघर्ष समिति के संयोजक संजय संघर्ष सिंह,महासचिव प्रदेश संजीव मिश्रा, अररिया के जिला अध्यक्ष मनीष यादव ,शिवहर के युवा राजद जिला अध्यक्ष विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि 1990 की राजनीतिक नहीं है मौजूदा समय में जनबल की राजनीति है। युवाओं को रोजगार मिले, उद्योग बढे, महंगाई घटे, हमारे नेता तेजस्वी यादव ने भी कहा है कि आपका हर वचन पूरा होगा। उन्होंने कहा कि इंतजार करने वाला प्रतिनिधि ना चुनें। जो प्रतिनिधि आप से डरें उसको चुनें।

रितु जायसवाल आपके पड़ोसी हैं, जब खोजेंगे तब



आपके पास मौजूद होंगी। मुखिया बनी तो पंचायत का नाम पूरे देश में रौशन किया है, वह आपके क्षेत्र के विकास के प्रति समर्पित रहेंगी।

राजद के वरिष्ठ नेता नवनीत कुमार झा ने पुराने चुनाव की चर्चा करते हुए कहा है कि जो हित -नाते, रिश्तो को प्रभावित करें उन्हें वोट ना करें। उन्होंने जमकर बरसते हुए कहा कि एक चुनाव के दौरान हमारे दादा पूर्व केंद्रीय मंत्री पं रघुनाथ झा पर जानलेवा हमला किया गया था। क्या हमारा शिवहर यह बात भूल सकता है, कदापि नहीं। उन्होंने पूरी आत्मविश्वास के साथ कहा है कि जनता के बदौलत 2024 लोकसभा जीतगें , इसके साथ ही 2025 को भी पलटना है। इसके लिए अभी से आप लोग तैयार हो जाए।

एमएलसी डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा है कि सामाजिक मुद्दों पर देश में महत्वपूर्ण उपस्थिति हमलोगों ने दर्ज की है। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से आईएनडीआईए गठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार रितु जायसवाल को जीताने के लिए संकल्प लिया।

**तेजस्वी यादव का बड़ा ऐलान**

## रक्षाबंधन पर महिलाओं के खाता में देंगे 1 लाख रसोइया-आशा-ममता को राज्यकर्मी का दर्जा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, वाल्मीकीनगर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी बहुल इलाके में तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने जनसभा को संबोधित किया. इस दौरान तेजस्वी यादव ने बड़ा वादा करते हुए कहा कि यदि महागठबंधन की सरकार बनी तो प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन से पहले महिलाओं के खाते में एक-एक लाख रुपये भेजने का काम करेंगे. साथ ही स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को राज्यकर्मी का दर्जा देंगे.दरअसल, बिहार में जैसे जैसे चुनाव अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है, वैसे वैसे नेताओं द्वारा वादों की बौछार हो रही है. इसी कड़ी में आदिवासी बहुल थरूहट की राजधानी हरनाटांड़ में चुनावी जनसभा को



संबोधित करने पहुंचे तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने महागठबंधन प्रत्याशी दीपक यादव के पक्ष में वोट देने की अपील की. इस दौरान उन्होंने जनसभा में कई बड़े वादे किए.तेजस्वी यादव ने कहा कि यदि महागठबंधन की सरकार बनी तो रक्षाबंधन के मौके पर प्रत्येक वर्ष सभी महिलाओं के खाते में एक-एक लाख रुपये भेजने का काम करेंगे. साथ ही आशा, ममता और रसोइया जैसे सभी स्वयं सहायता समूहों से जुड़े दीदियों को राज्यकर्मी का दर्जा देंगे. उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए फिर दोहराया कि यदि एनडीए की सरकार आई तो संविधान बदल देगी.इतना हीं नहीं तेजस्वी यादव ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने वनाधिकार कानून लाकर जंगल किनारे बसे लोगों के पेट और रोजगार पर लात मारा है. यदि हमारी सरकार आई तो हम वनाधिकार कानून में संशोधन कर आपके हक में फैसला लेंगे, ताकि जंगल से लकड़ी इत्यादि लाने में दिक्कत ना हो.

## लोकसभा चुनाव को भय मुक्त कराने हेतु एसडीपीओ ने निकाला फ्लैग मार्च

**मौके पर नगर थाना अध्यक्ष अन्य पुलिस गन मौजूद रहे**

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

शिवहर, जिले में 25 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु शिवहर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकल गया.वहीं एसडीपीओ अनिल कुमार ने अपील करते हुए कहा की सभी मतदातागण 25 मई को होने वाली लोकसभा निर्वाचन चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करें एवं किसी भी तरह के प्रलोभन में ना आए.साथ ही प्रशासन को मदद करें. मौके पर नगर थाना



अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, शिवहर फतेहपुर थाना अध्यक्ष जसीम अंसारी, एसआई महावीर कुमार, एसआई लालदेव राम एवं अन्य पुलिस गन मौजूद रहे.